भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 830**
दिनांक 07.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## निमिषा प्रिया को मृत्युदंड

830. **एडवोकेट डीन कुरियाकोसः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास श्रीमती निमिषा प्रिया की स्थिति का ब्यौरा है जिन्हें यमन में मृत्युदंड दिया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को श्रीमती निमिषा प्रिया के पक्ष में हस्तक्षेप करने का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कार्रवाई की है कि श्रीमती निमिषा प्रिया की सुरक्षित रिहाई हेतु 'ब्लड मनी' का भुगतान किया जाए; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क और ख) जी, हां। सना में यमन के सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय नर्स सुश्री निमिषा प्रिया को एक यमनी नागरिक की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी।

(ग और घ) जी, हां। सरकार को सुश्री निमिषा प्रिया के मामले के संबंध में सिविल सोसाईटी सहित कुछ अन्य वर्गों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ङ और च) सरकार विदेशों में मौजूद भारतीयों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा इस मामले सहित संकट में फंसे भारतीय नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करती है। भारत सरकार इस मामले में हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। सुश्री निमिषा प्रिया की रिहाई के मामले के संबंध में मृतक के परिवार और सुश्री निमिषा प्रिया के परिवार के बीच विचार विमर्श चल रहा है।

*****